भारत सरकार
अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 1549**
उत्तर देने की तारीख : 31.07.2024

**अनंतपुर जिले में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम**

**1549. श्री जी. लक्ष्मीनारायण:**

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके) के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा अनंतपुर जिले में पीएमजेवीके परियोजनाओं के लिए कुल कितनी धनराशि आवंटित और संवितरित की गई;

(ग) चालू/पूर्ण/विलंबित परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है और उन्हें पूरा करने की समय-सीमा क्या है तथा निधि के उपयोग का ब्यौरा क्या है;

(घ) अनंतपुर जिले में पीएमजेवीके परियोजनाओं के कार्यान्वयन में आ रही चुनौतियां, यदि कोई हैं, का ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) अनंतपुर जिले में पीएमजेवीके परियोजनाओं के संबंध में राज्य सरकार के लंबित प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**अल्पसंख्यक कार्य मंत्री**
**(श्री किरेन रिजिजू)**

(क) से (ग) पिछले पांच वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले के लिए प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (PMJVK) के अंतर्गत अनुमानित लागत और जारी धनराशि सहित अनुमोदित परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:

| परियोजनाओं का नाम | इकाइयों की संख्या | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | जारी की गई धनराशि (रुपये लाख में) | परियोजना की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| स्कूल भवन | 2 | 900.00 | 216.00 | शुरू नहीं |
| आवासीय विद्यालय | 4 | 9010.00 | 2427.00 | शुरू नहीं |
| स्कूल/आईटीआई/पॉलिटेक्निक के लिए छात्रावास | 4 | 843.36 | 253.01 | शुरू नहीं |
| स्कूलों में अतिरिक्त कक्षाएं/पुस्तकालय/प्रयोगशाला/हॉल | 1 | 65.00 | 11.70 | शुरू नहीं |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| आईटीआई/आईटीआई के लिए अतिरिक्त बुनियादी ढांचा | 2 | 2000.00 | 480.00 | शुरू नहीं |
| पॉलिटेक्निक/मौजूदा पॉलिटेक्निक के लिए अतिरिक्त बुनियादी ढांचा | 2 | 3600.00 | 1080.00 | शुरू नहीं |
| हुनर हब | 1 | 420.00 | 75.60 | शुरू नहीं |
| कामकाजी महिला छात्रावास | 1 | 300.00 | 90.00 | शुरू नहीं |
| सामुदायिक सेवा केंद्र/सद्भाव मंडप/ सामुदायिक हॉल | 2 | 270.00 | 48.60 | शुरू नहीं |

(घ) प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत स्वीकृत परियोजना इकाइयों का क्रियान्वयन, संचालन और रख-रखाव लाभार्थी राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की ही जिम्मेदारी है, जैसा भी मामला हो। मंत्रालय में उपलब्ध जानकारी के अनुसार, आज तक आंध्र प्रदेश राज्य सरकार ने ऊपर दी गई तालिका में उल्लिखित किसी भी स्वीकृत इकाई का कार्यान्वयन शुरू नहीं किया है।

(ङ) अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत परियोजना प्रस्ताव केवल ऑनलाइन पीएमजेवीके पोर्टल के माध्यम से प्राप्त किए जाते हैं। आंध्र प्रदेश राज्य सरकार की ओर से कोई भी परियोजना प्रस्ताव लंबित नहीं है।

*****